# दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय
# गोरखपुर-273001

(नैक प्रत्यायित 'B++' श्रेणी)

सम्बद्ध

दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर

☎ : 0551-2334549

: 09792987700

e-mail : dnpggkp@gmail.com

website : www.dnpgcollege.edu.in


दिनांक 19.04.2023

## प्रकाशनार्थ

**दिनांक 19.04.2023 गोरखपुर। महाविद्यालय गोरखपुर के एम.ए. शिक्षाशास्त्र विषय के सभी छात्र–छात्राएं ग्रामीण महिलाओं की शैक्षिक अभिवृत्ति के सर्वेक्षण हेतु ग्राम भौवापार, गोरखपुर में महाविद्यालय द्वारा आरक्षित बस से विभागीय शिक्षकों के नेतृत्व में सुबह 8:00 बजे प्रोफेसर धीरेंद्र प्रताप सिंह एवं शिक्षाशास्त्र विभाग की प्रभारी निधि राय एवं विभाग के समस्त शिक्षकों के साथ रवाना हुए। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर ओमप्रकाश सिंह ने हरी झंडी दिखाकर बस को रवाना किया।**

**विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए प्राचार्य ओम प्रकाश सिंह ने कहा कि** शिक्षा का प्रसार एक अति महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। व्यक्ति एक सामाजिक प्राणी है और जो व्यक्ति शिक्षित है निश्चित रूप से उसे अन्य व्यक्तियों के हित में कार्य करना चाहिए। आप सभी छात्र–छात्राएं महाविद्यालय में जो शिक्षा प्राप्त करते हैं उसका प्रसार जब तक आप समाज में जाकर नहीं करते, शिक्षा का उद्देश्य पूरा नहीं हो सकता। आप सभी निश्चित रूप से इस कार्य हेतु बधाई के पात्र हैं।

**मुख्य नियंता प्रोफेसर धीरेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि ज्ञान दान महादान है आप** सभी समाज को जागरूक कर पुनीत कार्य कर रहे हैं यह एक बहुत ही महत्वपूर्ण कार्य है। शिक्षा का लक्ष्य सिर्फ स्वयं को शिक्षित कर लेना नहीं है, बल्कि वह तब तक पूर्ण नहीं हो सकता जब तक कि उसका उपयोग समाज के लिए ना किया जाए।

विद्यार्थियों ने सर्वेक्षण  कार्य के अंतर्गत शैक्षिक स्थिति की जानकारी ली एवं महिलाओं के विचार जाने। इसी क्रम में ग्रामीण महिला अमरावती देवी ने कहा कि ''हम अशिक्षित हैं परन्तु हम अपने बालक और बालिकाओं को ऊंची से ऊंची शिक्षा दिलाना चाहते हैं।'' जिससे कि जीवन में जो परेशानियां हमें उठानी पड़ी वह हमारे बच्चों को ना उठानी पड़े। एक अन्य महिला जानकी देवी ने कहा कि आप लोग बहुत अच्छा कार्य कर रहे हैं। मैं अपनी बालिका को भी शिक्षा प्रदान करने के पक्ष में हूँ। एक अन्य महिला ने कहा कि हमारे यहां बेटों को शिक्षा दी जाती है बेटियों को शिक्षा देने का कोई रिवाज नहीं है। इस प्रकार से पूरे गांव में घूमकर महिलाओं की शैक्षिक अभिवृत्ति संबंधी प्रश्न पूछ कर और प्रश्नावली के माध्यम से आवश्यक जानकारी ली गई। महाविद्यालय के छात्र–छात्राएं 1 सप्ताह तक इस गांव में जन जागरूकता कार्यक्रम संचालित करेंगे।

**इस अवसर पर महाविद्यालय के डॉ. अखंड सिंह, डॉ. रुक्मिणी चौधरी, डॉ. श्याम सिंह, डॉ. त्रिभुवन मिश्रा, डॉ. संजय त्रिपाठी एवं डॉ. निरंकार त्रिपाठी सहित अन्य शिक्षको के निर्देशन में विद्यार्थियों द्वारा सर्वेक्षण कार्य किया गया।**

**उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी डॉ. शैलेश कुमार सिंह ने दिया।**

**डॉ. शैलेश कुमार सिंह**
**प्रभारी मीडिया एवं जनसंपर्क**